देश में तेल शोधक कारखाने

4769. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान स्थापित किये गये तेल शोधक कारखानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जिन स्थानों पर तेल शोधक कारखाने स्थापित किये जाने का विचार है उन स्थानों के नाम क्या-क्या है तथा इस संबंध में राज्य-वार ब्यौरे के साथ-साथ इसकी लागत क्या होगी ;

(ग) क्या इन तेल शोधक कारखानों के लिए विदेशी सहायता दी जा रही है;

(घ) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात में तेल शोधक कारखाने स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ङ) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के (कैप्टन सतीश शर्मा):

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कोई नई रिफाइनरी स्थापित नहीं की गई ।

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र/संयुक्त क्षेत्र/निजी क्षेत्र में 8वीं/व 9वीं योजना अवधि के दौरान स्थापित की जाने वाली/क्रियान्वयनाधीन नई रिफाइनरी परियोजनाएं प्रस्तावित स्थानों के साथ नीचे दर्शायी गई हैं :—

रिफाईनरी का नाम	स्थान	अनुमोदित लागत (करोड़ रूपये)
सार्वजनिक क्षेत्र रिफाइनरी परियोजनाएं:		
1. करनाल रिफाइनरी (जिसका नाम अब पानीपत रिफा० रख दिया गया है)	पहले करनाल जिला अब जिला पानीपत हरियाणा	3868
2. तुलालीगढ़ रिफाइनरी	जिला गोलाघाट असम	1830
3. नारिमनम में क्रूड आसवन इकाई	नागपट्टिणम जिला कैद-ए-मिलेथ, तामिलनाडू	114.30
संयुक्त क्षेत्र रिफाइनरी परियोजना :		
1. मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	दक्षिणी कनारा जिला कर्नाटक	1160
2. पूर्वी भारत रिफाइनरी 3. पश्चिमी भारत रिफाईनरी	संयुक्त उद्यम के रूप में इन रिफाइनरियों को स्थापित करने के लिए सिद्धांत रूप में फैसला कर	

रिफाइनरी का नाम	स्थान
4. केन्द्रीय भारत रिफाइनरी	लिया गया है । जब यह संयुक्त उद्यम विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट भेज देंगे तभी निश्चित किए गए लागतों – अनुमानों का पता लग सकेगा । पश्चिमी भारत और केन्द्रीय भारत रिफाइनरियों के लिए स्थानों की पहचान से संबंधित संयुक्त उद्यम भागीदारों द्वारा की जाएगी । मध्य प्रदेश में बिल्हा में केन्द्रीय भारत रिफाइनरी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है ।

निजी क्षेत्र रिफाइनरी परियोजनाएं

पार्टी का नाम	स्थान	अनुमानित लागत
1. मैसर्स रिलांयस पेट्रोलियम लि०	सलाया जामनगर, गुजरात	सरकार के पास विलकुल निश्चित लागत
2. मै० प्रमोक लेलैंड लि०	दैत्री पैरादीप उड़ीसा	
3. मै० इटरनेशनल पेट्रोलियम एस० ए०(बी०वी०आई०) स्विटजरलैंड	गुजरात	अनुमान उपलब्ध नहीं हैं ।
4. मै० एस्सार इन्वेस्टमैंटस लि०	वाडीनार गुजरात	
5. मै० टी० आर० डाल्या, हैदराबाद, (जिसका नाम अब ब्लैक गोल्ड रिफाइनरी रखा गया है)	विशाखापत्तनम आंध्र प्रदेश	

(ग) सार्वजनिक/संयुक्त क्षेत्र रिफाइनरी परियोजनाओं के लिए कोई विदेशी सहायता परिकल्पित नहीं है ।

(घ) और (ङ) गुजरात में स्थापना के लिए प्रस्तावित नई रिफाइनरियां निम्न है :—

1. सलाया, जामनगर गुजरात में मै० रिलांयस पेट्रोलियम लिमिटेड ।
2. गुजरात में मै० इंटरनेशनल पेट्रोलियम एस०ए० (बी०वी०आई०) स्विटजरलैंड ।
3. वहीनार गुजरात में मै० एस्सार इन्वेस्टमैंट्स लि० ।

Sale of LPG and Kerosene Oil

4770. SHRI B. K. HARIPRASAD : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Directorate General of Investigation and Registration has begun a probe into the bonafides of a few companies which have secured the approval and clearance from the Ministry of Petroleum and